भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1419

गुरूवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद योजना

1419 श्री राजीव शुक्ला:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना में हाल ही में किए गए और प्रस्तावित परिवर्तनों, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीर्थस्थलों को शामिल किया है;

(ग) यदि हाँ, तो उनके नामों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) योजना के प्रारंभ से लेकर आज की तिथि तक सरकार द्वारा इस संबंध में राज्य को कितनी राशि स्वीकृत की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने देश भर में चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर अवसंरचना के विकास के उद्देश्य से 2014-15 में प्रसाद (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत, मंत्रालय इन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

विरासत स्थलों के विकास की परियोजनाओं को शामिल करने के लिए इस योजना को 2017 में संशोधित किया गया था।

प्रशाद योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2020-21 में 48.44 करोड़ रुपये की लागत से "माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ का विकास" नामक परियोजना को मंज़ूरी दी है।

****